1. यहाँ, इस प्रश्न में, एक कथन के पश्चात् दो तर्क दिए गए हैं, जिन्हें I तथा II के रूप में क्रमांकित किया गया है। आप कथन एवं तर्कों पर विचार करके तय कीजिए कि कौन सा/से तर्क मजबूत है/हैं ?

कथन : क्या पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के दायरे में लाना चाहिए ?

तर्क I : हाँ, पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के दायरे में लाया जाना चाहिए, यह देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

तर्क II : नहीं, सभी राज्यों की अर्थव्यवस्था नष्ट हो जायेगी।

(1) तर्क I तथा II दोनों मजबूत हैं।
(2) न तो तर्क I न ही II मजबूत है।
(3) केवल तर्क I मजबूत है।
(4) केवल तर्क II मजबूत है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. राजस्थान के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राजस्थान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वर्तमान में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों/वैज्ञानिकों को दिये जाने वाले "युवा वैज्ञानिक पुरस्कार" के लिये राजस्थान में अवस्थित किसी उच्च शिक्षा संस्थान/आर एंड डी संगठन में शिक्षण/वैज्ञानिक का आवश्यक न्यूनतम अनुभव है :

(1) 4 वर्ष
(2) 5 वर्ष
(3) 1 वर्ष
(4) 2 वर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Here, in this question, a statement is followed by two arguments numbered I and II. You have to consider the statement and arguments, then decide which of the argument/s is/are strong ?

Statement : Should petroleum products be brought under Goods and Services Tax (GST) ?

Argument I : Yes, the petroleum products should be brought under Goods and Services Tax (GST), it will boost the economy of the country.

Argument II : No, economy of all states will collapse.

(1) Both the Arguments I and II are strong.
(2) Neither Argument I nor II is strong.
(3) Only Argument I is strong.
(4) Only Argument II is strong.
(5) Question not attempted

2. The minimum experience of teaching/scientist at any Higher Education Institute/R&D Organization situated in Rajasthan required for the "Young Scientist Award" provided by the Department of Science and Technology, Rajasthan, to outstanding teachers/scientists currently working in Rajasthan in the S & T domain is :

(1) 4 years
(2) 5 years
(3) 1 year
(4) 2 years
(5) Question not attempted

3. निम्न सूचनाएँ पढ़कर, नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

तीन व्यक्तियों P, Q तथा R में ताश के कुल नौ पत्ते, जिनमें चार बादशाह, चार बेगम तथा एक जोकर है, इस प्रकार वितरित किये गये हैं कि :

I. Q के पास दो पत्ते, P के पास तीन पत्ते तथा R के पास चार पत्ते हैं ।

II. व्यक्ति, जिसके पास अधिकतम पत्ते हैं, उसके पास जोकर नहीं है ।

III. प्रत्येक के पास कम से कम एक बादशाह है, जबकि Q के पास दो बादशाह हैं ।

किसके पास तीन बेगम हैं ?

(1) P
(2) तीन बेगम किसी के पास नहीं हैं ।
(3) Q
(4) R
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. Read the following informations and answer the question given below :

A total of nine cards consisting of four kings, four queens and one joker are distributed among three persons P, Q and R such as :

I. Q has two cards, P has three cards and R has four cards.

II. Person, who has maximum number of cards, does not have the joker.

III. Each one has atleast one king while Q has two kings.

Who has three queens ?

(1) P
(2) No one has three queens.
(3) Q
(4) R
(5) Question not attempted

4. यहाँ, इस प्रश्न में एक कथन के पश्चात् दो कार्यवाहियाँ दी गई हैं, जिन्हें I तथा II के रूप में क्रमांकित किया गया है । आप कथन और कार्यवाहियों का अध्ययन करके तय कीजिए कि तार्किक रूप से कौन सी अनुशंसित कार्यवाही/कार्यवाहियाँ अनुसरण करती है/हैं ?

कथन : इन दिनों साइबर अपराध बढ़ रहे हैं ।

कार्यवाही I : पुलिस के तकनीकी ज्ञान एवं उपकरणों का नियमित रूप से अद्यतन करने पर साइबर अपराधों में कमी की जा सकती है ।

कार्यवाही II : जनता में जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से चलाये जाने से साइबर अपराधों में कमी लाई जा सकती है ।

(1) I तथा II दोनों अनुसरण करती हैं ।
(2) न तो I न ही II अनुसरण करती है ।
(3) केवल I अनुसरण करती है ।
(4) केवल II अनुसरण करती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Here, in this question, a statement is followed by two course of actions numbered I and II. You have to study the statement and course of action, then decide which of the suggested course of action/s is/are following logically ?

Statement : Cyber crimes are increasing now-a-days.

Course of Action I : Regular updation of technical knowledge and equipments of police can reduce cyber crimes.

Course of Action II : Cyber crimes can be reduced by conducting awareness programmes among public regularly.

(1) Both I and II follow.
(2) Neither I nor II follows.
(3) Only I follows.
(4) Only II follows.
(5) Question not attempted

5. एक संख्या में 5, 7 तथा 8 से क्रमागत भाग देने पर शेषफल क्रमशः 2, 3 तथा 4 प्राप्त होते हैं, तो निम्न विकल्पों में से वह संख्या हो सकती है –

(1) 432 (2) 437
(3) 382 (4) 427
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. A, B तथा C ने कुछ धनराशि 3 : 2 : K के अनुपात में निवेश की । यदि C का भाग A के भाग से ₹ 120 अधिक है, B का भाग A के भाग से ₹ 30 कम है, तो K का मान है :

(1) 7 (2) 8
(3) 5 (4) 6
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्न विकल्पों में से दी गई श्रेणी का अगला पद है :
2 V 3, 3 S 5, 5 O 7, 7 I 11, ?

(1) 11 Z 15 (2) 9 E 13
(3) 11 C 13 (4) 11 X 13
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. एक निश्चित कूट भाषा में 'WILDLIFE' को 'LEFBFECC' तथा 'PAINTING' को 'HAEGJEGD' कूटित किया जाता है । इसी कूट भाषा में 'DYNAMICS' को कूटित किया जा सकता है :

(1) BMGAGEBJ (2) BOGAHECJ
(3) BNGAFECI (4) BMJAGEBK
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. एक परिवार में, D, केवल F एवं E के पिता हैं । D के एक पुत्र है । E की शादी G से हुई है । G, P के दामाद है । G के एक पुत्र H है । K एवं J, E के बच्चे हैं । L की शादी K से हुई है । परिवार में पुरुष सदस्यों की कुल संख्या है :

(1) 6 (2) अपर्याप्त सूचना
(3) 4 (4) 5
(5) अनुत्तरित प्रश्न



5. On dividing a number by 5, 7 and 8 successively, the remainders are 2, 3 and 4 respectively. The number from the following options can be -

(1) 432 (2) 437
(3) 382 (4) 427
(5) Question not attempted

6. A, B and C invested some money in the ratio of 3 : 2 : K. If C's share is ₹ 120 more than A's share, B's share is ₹ 30 less than A's share, then the value of K is :

(1) 7 (2) 8
(3) 5 (4) 6
(5) Question not attempted

7. The next term in the given series from the following options is :
2 V 3, 3 S 5, 5 O 7, 7 I 11, ?

(1) 11 Z 15 (2) 9 E 13
(3) 11 C 13 (4) 11 X 13
(5) Question not attempted

8. In a certain code language, 'WILDLIFE' is coded as 'LEFBFECC' and 'PAINTING' is coded as 'HAEGJEGD'. In the same code language 'DYNAMICS' can be coded as :

(1) BMGAGEBJ (2) BOGAHECJ
(3) BNGAFECI (4) BMJAGEBK
(5) Question not attempted

9. In a family, D is the father of F and E only. D has one son. E is married to G. G is the son-in-law of P. G has one son H. K and J are the children of E. L is married to K. The total number of male members in the family is :

(1) 6
(2) Insufficient information
(3) 4
(4) 5
(5) Question not attempted

10. यदि एक निश्चित धनराशि साधारण ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹ 912 तथा $3\frac{1}{2}$ वर्षों में ₹ 996 हो जाती है, तो मूलधन राशि है

(1) ₹ 812 (2) ₹ 822
(3) ₹ 796 (4) ₹ 800
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. नीचे दी गई सूचनाओं के आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए :

भारत में चार शहरों के लिए तीन विभिन्न मौसम कारकों को निम्न सारणी में दर्शाया गया है :

| शहर | औसत वार्षिक वर्षा (मिमी. में) | औसत वार्षिक तापमान (डिग्री सेन्टीग्रेड में) | वर्ष में अधिकतम आर्द्रता |
|---|---|---|---|
| A | 75 | 21 | 126 |
| B | 86 | 17 | 130 |
| C | 68 | 17 | 160 |
| D | 70 | 24 | 150 |

यदि शहरों के लिए आर्द्रता गुणांक को औसत वार्षिक वर्षा को औसत वार्षिक तापमान से विभाजित करने में परिभाषित किया गया है, तो किस शहर का आर्द्रता गुणांक अधिकतम है ?

(1) C (2) D
(3) A (4) B
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. 17 से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर में "मेलोडी ऑफ कलर्स" नामक एक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में निम्नलिखित कलाकारों में से किसकी जल रंग कृतियों का प्रदर्शन किया गया ?

(1) गंगा देवी (2) सुषमा महाजन
(3) टिंकल खत्री (4) रजनी आर्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. If a certain sum of money amounts to ₹ 912 in 2 years and ₹ 996 in $3\frac{1}{2}$ years at simple interest, then the principal sum of money is

(1) ₹ 812 (2) ₹ 822
(3) ₹ 796 (4) ₹ 800
(5) Question not attempted

11. Answer the question on the basis of the informations given below :

Three different climatic factors for four cities in India are shown in the following table :

| City | Average Annual Rainfall (in mm) | Average Annual Temperature (in degree centigrade) | Maximum humidity in the year |
|---|---|---|---|
| A | 75 | 21 | 126 |
| B | 86 | 17 | 130 |
| C | 68 | 17 | 160 |
| D | 70 | 24 | 150 |

If humidity factor is defined as average annual rainfall divided by average annual temperature for the cities, the humidity factor is highest for which city ?

(1) C (2) D
(3) A (4) B
(5) Question not attempted

12. A three days exhibition titled "Melody of Colours" was organized in Jaipur from 17[th] to 19[th] January 2026. Water colour paintings of which of the following artists were shown in this exhibition ?

(1) Ganga Devi
(2) Sushma Mahajan
(3) Tinkal Khatri
(4) Rajni Arya
(5) Question not attempted

13. बामनवास–कंकर पंचायत, जो जनवरी 2026 में, राजस्थान की प्रथम प्रमाणित पूर्णतः जैविक ग्राम निकाय बनी है, निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?

(1) झालावाड़ (2) कोटपूतली – बहरोड़

(3) प्रतापगढ़ (4) राजसमंद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्नलिखित में से किस विद्यालय ने जवाहर नवोदय विद्यालयों की 26वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024-25 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है ?

(1) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गोलाघाट, असम

(2) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मेडक, तेलंगाना

(3) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खेड़ली, दौसा, राजस्थान

(4) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर-II, राजस्थान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. राजस्थान सरकार ने मातृ एवं शिशु पोषण और स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरणा अभियान 2.0 शुरू किया है । इस अभियान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) यह अभियान 22 जनवरी से 22 फरवरी, 2026 तक चलाया गया ।

(ii) इस अभियान के तहत आई सी डी एस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती (शुरुआती तीन माह) व धात्री महिलाओं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और आकांक्षी जिलों में किशोरी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया ।

(1) कथन (i) तथा (ii) दोनों सही हैं ।

(2) न तो कथन (i) और न ही कथन (ii) सही है ।

(3) केवल कथन (i) ही सही है ।

(4) केवल कथन (ii) ही सही है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न



13. Bamanwas-Kankar Panchayat, which is the first village body in Rajasthan to be certified as fully organic in January 2026, is situated in which of the following districts ?

(1) Jhalawar (2) Kotputli – Behror

(3) Pratapgarh (4) Rajsamand

(5) Question not attempted

14. Which of the following schools has won the first prize in the 26th National Youth Parliament Competition, 2024-25 for Jawahar Navodaya Vidyalayas ?

(1) PM Shri Jawahar Navodaya Vidyalaya, Golaghat, Assam

(2) PM Shri Jawahar Navodaya Vidyalaya, Medak, Telangana

(3) PM Shri Jawahar Navodaya Vidyalaya, Kherli, Dausa, Rajasthan

(4) PM Shri Jawahar Navodaya Vidyalaya, Suratgarh, Sriganganagar-II, Rajasthan

(5) Question not attempted

15. The Rajasthan government has launched the Prerana Abhiyan (Campaign) 2.0 to strengthen maternal and child nutrition and health. Consider the following statements regarding this Abhiyan (Campaign) and choose the correct option :

(i) This Abhiyan (Campaign) was conducted from January 22 – February 22, 2026.

(ii) Under this Abhiyan (Campaign) all eligible beneficiaries who were not receiving ICDS services, including pregnant women (in the first three months of pregnancy), lactating mothers, children aged 0 to 6 years, and adolescent girls in aspirational districts, were registered.

(1) Both statements (i) and (ii) are correct.

(2) Neither statement (i) nor statement (ii) is correct.

(3) Only statement (i) is correct.

(4) Only statement (ii) is correct.

(5) Question not attempted

16. राजस्थान महिला टीम ने जनवरी 2026 में वाराणसी में हुई 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के लिए निम्नलिखित में से किस टीम को हराया ?

(1) हरियाणा
(2) पंजाब
(3) रेलवे
(4) पश्चिम बंगाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) गीतकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा को जनवरी 2026 में आयोजित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान – 2026" से सम्मानित किया गया।

(ii) इस सम्मान की शुरुआत वर्ष 2020 में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के मंच से की गई थी।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) दोनों (i) और (ii)
(2) न तो (i) और न ही (ii)
(3) केवल (i)
(4) केवल (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. जनवरी 2026 में भारत के उपराष्ट्रपति ने "सिंग, डान्स एण्ड लीड : लीडरशिप लेसन्स फ्रॉम दी लाइफ ऑफ श्रील प्रभुपाद" (गाओ, नाचो एवं नेतृत्व करो : श्रील प्रभुपाद के जीवन से नेतृत्व के सबक) नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है ?

(1) नितिन सेठ
(2) राणा दासगुप्ता
(3) हिंदोल सेनगुप्ता
(4) नेहा सिन्हा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. Rajasthan women's team defeated which of the following teams to win a bronze medal in 72nd Senior National Volleyball Championship held at Varanasi in January 2026 ?

(1) Haryana
(2) Punjab
(3) Railways
(4) West Bengal
(5) Question not attempted

17. Consider the following statements regarding the "Shri Dwarka Prasad Agarwal Samman" :

(i) Lyricist and actor Piyush Mishra was honoured with the "Shri Dwarka Prasad Agarwal Samman – 2026" at the Jaipur Literature Festival held in the January 2026.

(ii) It was instituted in 2020 from the platform of the Jaipur Literature Festival.

Which of the statements given above is/are correct ?

(1) Both (i) and (ii)
(2) Neither (i) nor (ii)
(3) Only (i)
(4) Only (ii)
(5) Question not attempted

18. In January 2026, the Vice-President of India launched a book titled, "Sing, Dance and Lead : Leadership Lessons from the life of Srila Prabhupada". Who has authored this book ?

(1) Nitin Seth
(2) Rana Dasgupta
(3) Hindol Sengupta
(4) Neha Sinha
(5) Question not attempted

19. जनवरी 2026 में योनेक्स-सनराईज इंडिया ओपन (बैडमिंटन) में पुरुषों का एकल ख़िताब जीतने वाले लिन चुन-यी का संबंध किस देश से है ?
(1) इंडोनेशिया (2) दक्षिण कोरिया
(3) सिंगापुर (4) चीनी ताइपे (ताईवान)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. 'ट्रांसओशनिक सेल अभियान – लोकायन 26' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें :
A. 10 महीने का यह अभियान 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों को कवर करने वाला है ।
B. इस अभियान के लिए भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आई एन एस सुदर्शिनी की तैनाती की गई है ।
(1) कथन A तथा B दोनों सही हैं ।
(2) कथन A तथा B दोनों गलत हैं ।
(3) केवल कथन A ही सही है ।
(4) केवल कथन B ही सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. निम्नलिखित नौसैनिक पोतों में से कौन सा जनवरी 2026 में कोच्चि से सागर मैत्री (SM-5) के पाँचवें संस्करण के लिए रवाना हुआ ?
(1) आई एन एस सुदर्शिनी
(2) आई एन एस उदयगिरी
(3) आई एन एस सागरध्वनि
(4) आई एन एस सागरदर्शन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. 11 फरवरी, 2026 को प्रस्तुत राजस्थान के बजट 2026-27 में राजस्थान फाउन्डेशन के कितने नए चैप्टर्स प्रारंभ करने की घोषणा की गई है ?
(1) 14 (2) 10
(3) 26 (4) 18
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. Lin Chun-Yi who won the Yonex-Sunrise India Open Men's Single titles (Badminton) in January 2026 belongs to which country ?
(1) Indonesia
(2) South Korea
(3) Singapore
(4) Chinese Taipei (Taiwan)
(5) Question not attempted

20. Consider the following statements in context with 'Transoceanic Sail Expedition – Lokayan 26' and select the correct option :
A. It is a 10 month expedition covering 18 foreign ports across 13 countries.
B. The Indian Navy's sail training ship INS Sudarshini is deployed for this mission.
(1) Both the statements A and B are correct.
(2) Both the statements A and B are wrong.
(3) Only the statement A is correct.
(4) Only the statement B is correct.
(5) Question not attempted

21. Which of the following Naval Vessels was flagged off for the fifth edition of Sagar Maitri (SM-5) in January 2026 from Kochi ?
(1) INS Sudarshini
(2) INS Udaigiri
(3) INS Sagardhwani
(4) INS Sagardarshan
(5) Question not attempted

22. In the Budget 2026-27 of Rajasthan presented on 11th February 2026, how many new chapters of Rajasthan Foundation have been announced to be opened ?
(1) 14 (2) 10
(3) 26 (4) 18
(5) Question not attempted

23. निम्नलिखित खिलाड़ियों में से कौन बीसीसीआई सीनियर विमेन्स वन-डे ट्रॉफी 2026 के लिए राजस्थान सीनियर महिला क्रिकेट टीम की कप्तान थीं ?

(1) ज्योति चौधरी (2) बबीता मीणा

(3) सुमन मीणा (4) सुमित्रा जाट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. डेनमार्क के प्रधानमंत्री का नाम क्या है, जो हाल ही में ग्रीनलैंड के मामले में चर्चा में थे ?

(1) वॉनडेर लेयन (2) मेटे फ्रेडरिक्सन

(3) फ्रेडरिक नीलसेन (4) एंटोनियो कॉस्टा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. 31वें एनुअल क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026, जो कि क्रिटिक्स चॉइस एसोसिएशन अमेरिका तथा कनाडा द्वारा दिए जाते हैं; की फिल्म श्रेणी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार-विजेता युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(1) सर्वश्रेष्ठ फिल्म – वन बैंटल आफ्टर अनादर

(2) सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – वेड ईस्टवुड

(3) सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – टिमोथी चालमेट

(4) सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – जैसी बकली

(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. मिलानो कोर्तिना 2026 के शीतकालीन ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आरिफ खान ने कौन सी स्पर्धा में कोटा प्राप्त किया ?

(1) स्लालोम स्कीइंग (2) स्पीड स्कैटिंग

(3) क्रॉस कंट्री स्कीइंग (4) स्नोबोर्डिंग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. Which of the following players was the captain of the Rajasthan Senior Women's Cricket Team for the BCCI Senior Women's One-Day Trophy 2026 ?

(1) Jyoti Choudhary
(2) Babita Meena
(3) Suman Meena
(4) Sumitra Jat
(5) Question not attempted

24. What is the name of the Prime Minister of Denmark, who was recently in news in matter related with Greenland ?

(1) Von der Leyen
(2) Mette Frederiksen
(3) Frederic Nielsen
(4) Antonio Costa
(5) Question not attempted

25. Which of the following Award–Winner pairs is not correctly matched with respect to the Film category of the 31st Annual Critics Choice Awards 2026, given by Critics Choice Association United States and Canada ?

(1) Best Picture – One Battle after another
(2) Best Director – Wade Eastwood
(3) Best Actor – Timothee Chalamet
(4) Best Actress – Jessie Buckley
(5) Question not attempted

26. Arif Khan has secured a quota to represent India in which event for the 2026 Winter Olympics in Milano Cortina ?

(1) Slalom Skiing
(2) Speed Skating
(3) Cross Country Skiing
(4) Snowboarding
(5) Question not attempted

27. निम्नांकित जालौर के चौहान राजाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

A. चाचिग देव  B. सामन्त सिंह

C. उदयसिंह  D. कान्हड़देव

सही उत्तर का चयन निम्न कूटों में से कीजिए :

(1) A, B, C, D  (2) A, C, B, D

(3) C, A, B, D  (4) B, A, C, D

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. राजस्थान के एकीकरण से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(अ) 25 मार्च, 1948 को राज्यों के संघ जिसका नाम संयुक्त राजस्थान रखा गया, का निर्माण किया गया।

(ब) उदयपुर राज्य भी इसमें सम्मिलित्त किया गया तथा माणिक्यलाल वर्मा को मुख्यमंत्री पद की शपथ 1 मई, 1948 को दिलाई गयी।

(1) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं।

(2) (अ) एवं (ब) दोनों असत्य हैं।

(3) केवल (अ) सत्य है।

(4) केवल (ब) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. राजस्थान के दुर्गों एवं उनके प्रकारों के निम्न युग्मों में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) जालौर दुर्ग – एरण दुर्ग

(2) जैसलमेर दुर्ग – धान्वन दुर्ग

(3) गागरोन दुर्ग – औदक दुर्ग

(4) सिवाना दुर्ग – पारिख दुर्ग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. Arrange chronologically the following Chauhan rulers of Jalore :

A. Chachiga Deva B. Samant Singh

C. Uday Simha  D. Kanhar Deo

Choose the correct answer from following codes :

(1) A, B, C, D  (2) A, C, B, D

(3) C, A, B, D  (4) B, A, C, D

(5) Question not attempted

28. Consider the following statements regarding the integration of Rajasthan and select the correct answer from the options given below :

(A) On 25th March 1948, a Union of States named Samyukta Rajasthan was formed.

(B) The State of Udaipur was also incorporated in it and Manikyalal Verma was made Chief Minister on 1st May, 1948.

(1) Both (A) and (B) are correct.

(2) Both (A) and (B) are not correct.

(3) Only (A) is correct.

(4) Only (B) is correct.

(5) Question not attempted

29. Which of the following pair of forts of Rajasthan and their types, is not correctly matched ?

(1) Jalore Fort – Airan Durg

(2) Jaisalmer Fort – Dhanvan Durg

(3) Gagron Fort – Audak Durg

(4) Siwana Fort – Parikh Durg

(5) Question not attempted

30. चित्रकला की कोटा शैली के विषय में निम्न में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) कोटा शैली जयपुर शैली से पृथक होकर स्वतंत्र शैली के रूप में विकसित हुई ।
(2) कोटा शैली सुंदर नारी आकृतियों के लिए प्रसिद्ध है ।
(3) महाराव भीमसिंहजी के काल के चित्रों में वल्लभ संप्रदाय का प्रभाव प्रमुख था ।
(4) महाराव उम्मेदसिंह के काल में शिकार चित्रों की प्रमुखता दिखाई देती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. राजस्थान के निम्न लोक नृत्यों को उनके प्रदर्शन स्थानों के साथ सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| I | II |
|---|---|
| (A) बम नृत्य | (i) सिरोही |
| (B) वालर नृत्य | (ii) बीकानेर |
| (C) ढोल नृत्य | (iii) अलवर-भरतपुर |
| (D) अग्नि नृत्य | (iv) जालौर |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. निम्न में से कौन से मेले राजस्थान के पशु मेले हैं ?

(अ) चंद्रभागा मेला (ब) तिलवाड़ा मेला
(स) सीताबाड़ी मेला (द) परबतसर मेला

(1) (अ), (ब) एवं (द) (2) (ब), (स) एवं (द)
(3) (अ), (ब) एवं (स) (4) (अ), (स) एवं (द)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. Which of the following statements is not true regarding the Kota style of Painting ?

(1) Kota style was separated from Jaipur style and was developed as an independent style.
(2) The Kota style is known for the beautiful female figures.
(3) The influence of Vallabh Sampradaya was prominent in the paintings in the era of Maharao Bhimsinghji.
(4) The prominence of hunting scenes can be perceived in the era of Maharao Ummed Singh.
(5) Question not attempted

31. Match the following folk dance forms of Rajasthan, with their places of performance and choose the correct answer from the options given below :

| I | II |
|---|---|
| (A) Bum Dance | (i) Sirohi |
| (B) Valar Dance | (ii) Bikaner |
| (C) Dhol Dance | (iii) Alwar-Bharatpur |
| (D) Agni Dance | (iv) Jalore |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

(5) Question not attempted

32. Which among the following fairs are the animal fairs of Rajasthan ?

(a) Chandrabhaga fair
(b) Tilwara fair
(c) Sitabari fair
(d) Parbatsar fair

(1) (a), (b) and (d)
(2) (b), (c) and (d)
(3) (a), (b) and (c)
(4) (a), (c) and (d)
(5) Question not attempted

33. किस सूफ़ी सन्त को भारत में सूफ़ी सम्प्रदाय के 'चिश्ती' सिलसिला को स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है ?
(1) शेख सलीम चिश्ती
(2) फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर
(3) नासिरुद्दीन चिराग-ए-दिल्ली
(4) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. संत जसनाथजी के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) उन्होंने धार्मिक कर्मकाण्डों एवं अंधविश्वासों का विरोध किया।
(2) प्रसिद्ध घुड़ला नृत्य इस संप्रदाय से संबंधित है।
(3) इस संप्रदाय का प्रमुख धार्मिक स्थल 'कतरियासर' है।
(4) जसनाथजी के विषय में गुरु गोरखनाथ का शिष्य होने की मान्यता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. 'बंद बारेठा वन्यजीव अभयारण्य' राजस्थान की निम्न पूर्व रियासतों में से किससे सम्बद्ध है ?
(1) भरतपुर (2) टोंक
(3) अलवर (4) कोटा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. 'प्रयाग-प्रशस्ति' के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) यह समुद्रगुप्त की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करता है।
(2) इस प्रशस्ति की भाषा प्राकृत है।
(3) प्रयाग-प्रशस्ति को 'इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख' के रूप में भी जाना जाता है।
(4) इसकी रचना हरिषेण द्वारा की गई थी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. Which Sufi saint is credited for establishing 'Chisti' Silsilah of Sufism in India ?
(1) Shaikh Salim Chisti
(2) Farid-ud-Din Ganj-i-Shakar
(3) Nasiruddin Chiragh-i-Delhi
(4) Khwaja Muinuddin Chisti
(5) Question not attempted

34. Which of the following statement is not true regarding Saint Jasnathji ?
(1) He criticized religious rituals and superstitions.
(2) Famous Ghudla Dance is associated with this sect.
(3) 'Katriyasar' is the major religious place of this sect.
(4) Jasnathji was believed to have been disciple of Guru Gorakhnath.
(5) Question not attempted

35. With which of the following erstwhile states of Rajasthan, 'Band Baretha Wildlife Sanctuary' is associated ?
(1) Bharatpur (2) Tonk
(3) Alwar (4) Kota
(5) Question not attempted

36. Which of the following statements about 'Prayag-Prashasti' is not correct ?
(1) It describes achievements of Samudragupta.
(2) Language of this Prashasti is Prakrit.
(3) Prayag-Prashasti is also known as 'Allahabad Pillar Inscription'.
(4) It has been composed by Harishena.
(5) Question not attempted

37. तुहवात-उल-मुवाहिदीन (ए गिफ्ट टू मोनोथिइस्ट) नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?
(1) देवेन्द्रनाथ टैगोर (2) मिर्ज़ा गुलाम अहमद
(3) सर सैय्यद अहमद खान (4) राजा राममोहन राय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. सल्तनतकालीन अधिकारियों एवं उनके कार्य से संबंधित कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(1) सद्र-उस-सुदूर – धार्मिक अनुदान विभाग का प्रमुख
(2) दबीर-ए-खास – शाही अंगरक्षकों का प्रमुख
(3) बरीद – सूचना विभाग का प्रमुख
(4) अर्ज-ए-मुमालिक – सैन्य विभाग का प्रमुख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. ब्रिटिशकालीन भू-राजस्व व्यवस्था के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(अ) महालवाड़ी व्यवस्था एलफिंस्टन की रिपोर्ट के आधार पर लागू की गयी थी ।
(ब) रैयतवाड़ी व्यवस्था को लागू करने में थॉमस मुनरो ने प्रमुख भूमिका निभाई थी ।
(1) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं ।
(2) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य नहीं हैं ।
(3) केवल (अ) सत्य है ।
(4) केवल (ब) सत्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. निम्न में किस क्रांतिकारी का संबंध काकोरी षड्यंत्र केस से नहीं था ?
(1) रोशन सिंह (2) गोपीनाथ साहा
(3) अशफाकुल्ला खान (4) रामप्रसाद बिस्मिल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Who wrote the book Tuhwat-ul-Muwahhidin (A Gift to Monotheist) ?
(1) Devendranath Tagore
(2) Mirza Ghulam Ahmed
(3) Sir Syyed Ahmed Khan
(4) Raja Rammohan Roy
(5) Question not attempted

38. Which of the following pairs of officers at Sultanate period and their work is not rightly matched ?
(1) Sadr-us-Sudur – Head of Religious Endowment Department
(2) Dabir-E-Khas – Head of Royal Guards
(3) Barid – Head of Department of Information
(4) Arz-E-Mumaliq – Head of Military Affairs
(5) Question not attempted

39. Consider the following statements regarding the land revenue system during British era and choose the right answer from the options given below :
(A) Mahalwari System was introduced on the basis of Elphinston's report.
(B) Thomas Munro played a crucial role in introducing Ryotwari System.
(1) Both (A) and (B) are correct.
(2) Both (A) and (B) are not correct.
(3) Only (A) is correct.
(4) Only (B) is correct.
(5) Question not attempted

40. Which of the following revolutionaries was not associated with the Kakori Conspiracy case ?
(1) Roshan Singh
(2) Gopinath Saha
(3) Ashfaqulla Khan
(4) Ram Prasad Bismil
(5) Question not attempted

41. सैन फ्रांसिस्को तथा सिंगापुर को जोड़ने वाला सबसे छोटा समुद्री जलमार्ग निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) दक्षिणी प्रशान्त
(2) उत्तरी प्रशान्त
(3) केप ऑफ गुड होप
(4) भूमध्यसागर – हिन्द महासागर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. स्वतंत्रता के पश्चात मणिपुर के विलय के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) कांग्रेस विलय के पक्ष में थी, परन्तु अन्य राजनैतिक दल इसके विरोध में थे ।
(2) भारत सरकार के साथ सितंबर 1949 में विलय समझौते पर हस्ताक्षर हुए ।
(3) मणिपुर के महाराज ने स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ दिन पूर्व ही अधिमिलन–पत्र (इंस्टुमेण्ट ऑफ एक्सेशन) पर हस्ताक्षर किए ।
(4) जनता की राय के अनुसार महाराज ने मणिपुर में जून 1949 में चुनाव करवाए ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक आकृति ऑस्ट्रेलिया में अवस्थित नहीं है ?
(1) ग्रेट सैण्डी मरुस्थल
(2) ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल
(3) ग्रेट डिवाइडिंग रेन्ज
(4) ड्रेकन्सबर्ग पर्वत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. 31वाँ यू.एन. जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC-COP-31) आयोजित होगा –
(1) रियो डी जनेरो में
(2) बुडापेस्ट में
(3) अंताल्या में
(4) दुबई में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. Which among the following is the shortest sea route to connect San Francisco and Singapore ?
(1) The South Pacific
(2) The North Pacific
(3) The Cape of Good Hope
(4) The Mediterranean - Indian Ocean
(5) Question not attempted

42. Which of the following statements is not true regarding the merger of the Manipur after independence ?
(1) The Congress wanted a merger but the other political parties were against it.
(2) A merger agreement was signed with the Government of India in September 1949.
(3) Maharaja of Manipur signed the instrument of accession, just a few days before independence.
(4) Under the pressure of public opinion, Maharaja held the elections in Manipur in June 1949.
(5) Question not attempted

43. Which among the following physical feature is not located in Australia ?
(1) Great Sandy Desert
(2) Great Victoria Desert
(3) Great Dividing Range
(4) Drakensberg Mountain
(5) Question not attempted

44. 31st UN Climate Change Conference (UNFCCC-COP-31) will be held at –
(1) Rio de Janeiro
(2) Budapest
(3) Antalya
(4) Dubai
(5) Question not attempted

45. भारत के पूर्व-पश्चिम गलियारे पर निम्नलिखित में से कौन सा नगर अवस्थित नहीं है ?

(1) कोटा (2) प्रयागराज
(3) गुवाहाटी (4) गोरखपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (भारत) में निम्नलिखित में से कौन सा प्रदूषक सम्मिलित नहीं है ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड
(2) कार्बन मोनोक्साइड
(3) पीएम$_{10}$
(4) पीएम$_{2.5}$
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. 'कयाल' भारत के किस भू-आकृतिक प्रदेश का विशिष्ट भू-आकार है ?

(1) काठियावाड़ तट (2) उत्तरी सरकार
(3) कोरोमण्डल तट (4) मालाबार तट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| *खान (लौह अयस्क)* | | *राज्य* |
|---|---|---|
| (1) सलेम | – | तमिलनाडु |
| (2) धारवाड़ | – | कर्नाटक |
| (3) गुरुमहिसानी | – | ओडिशा |
| (4) बैलाडिला | – | मध्यप्रदेश |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. यू एस डी ए मृदा वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी मृदा भारत के सर्वाधिक क्षेत्रफल में पायी जाती है ?

(1) अल्फीसोल्स (2) वर्टीसोल्स
(3) एण्टीसोल्स (4) इनसेप्टीसोल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. Which among the following city is not situated on the East-West Corridor of India ?

(1) Kota (2) Prayagraj
(3) Guwahati (4) Gorakhpur
(5) Question not attempted

46. Which among the following pollutant is not included in the National Air Quality Index (India) ?

(1) Carbon dioxide
(2) Carbon monoxide
(3) $PM_{10}$
(4) $PM_{2.5}$
(5) Question not attempted

47. 'Kayals' are the distinguishing features of which physiographic region of India ?

(1) Kathiawar Coast
(2) Northern Circar
(3) Coromandal Coast
(4) Malabar Coast
(5) Question not attempted

48. Which among the following is not correctly matched ?

| *Mine (Iron Ore)* | | *State* |
|---|---|---|
| (1) Salem | – | Tamil Nadu |
| (2) Dharwad | – | Karnataka |
| (3) Gurumahisani | – | Odisha |
| (4) Bailadila | – | Madhya Pradesh |

(5) Question not attempted

49. Which of the following soil is found in largest area of India as per USDA soil taxonomy ?

(1) Alfisols (2) Vertisols
(3) Entisols (4) Inceptisols
(5) Question not attempted

50. वर्ष 2022-23 में राजस्थान में किस जिले में मक्का के अन्तर्गत क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) सर्वाधिक था ?
(1) भीलवाड़ा (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) चित्तौड़गढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
A. रीको ने कोटा और श्रीगंगानगर में एग्रोफूड पार्क विकसित किये हैं।
B. भिवाड़ी में जापानी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है।
C. सीतापुरा में विशिष्ट आर्थिक ज़ोन (सेज) स्थित है।
सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूटों से कीजिए :
कूट :
(1) केवल A और C (2) A, B और C
(3) केवल A और B (4) केवल B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. विच्छेदित लसाड़िया पठार किस झील के समीप स्थित है ?
(1) जयसमंद झील के पूर्व में
(2) राजसमंद झील के पूर्व में
(3) फायसागर झील के उत्तर में
(4) अनूपसागर झील के पश्चिम में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. राजस्थान मानसून रिपोर्ट-2025 (IMD, जयपुर) के अनुसार, राजस्थान में 1901–2025 के दौरान किस वर्ष में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई ?
(1) 1988 (2) 2012
(3) 1917 (4) 2021
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. राजस्थान वन विभाग के प्रशासनिक प्रतिवेदन 2024-25 (मूल्यांकन वर्ष 2023) के अनुसार, किस जिला युग्म में सबसे कम कुल वनावरण (वर्ग कि.मी. में) था ?
(1) चुरू तथा गंगानगर
(2) चुरू तथा हनुमानगढ़
(3) हनुमानगढ़ तथा जोधपुर
(4) चुरू तथा जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. In which district of Rajasthan, total area (in hectare) under Maize was maximum in year 2022-23 ?
(1) Bhilwara (2) Banswara
(3) Udaipur (4) Chittorgarh
(5) Question not attempted

51. Among the following, which is/are correct statement/s ?
A. RIICO has developed agro-food parks at Kota and Sriganganagar.
B. Japanese Industrial Zone has been developed at Bhiwadi.
C. Special Economic Zone (SEZ) is located at Sitapura.
Select the correct answer using codes given below :
Codes :
(1) Only A and C (2) A, B and C
(3) Only A and B (4) Only B and C
(5) Question not attempted

52. Near which lake Lasadia dissected plateau is situated ?
(1) East of Jaisamand Lake
(2) East of Rajsamand Lake
(3) North of Foysagar Lake
(4) West of Anupsagar Lake
(5) Question not attempted

53. As per Rajasthan Monsoon Report-2025 (IMD, Jaipur), during 1901–2025, in which year the highest rainfall was recorded in Rajasthan ?
(1) 1988 (2) 2012
(3) 1917 (4) 2021
(5) Question not attempted

54. As per Administrative Report 2024-25 (Assessment year 2023) Forest Department of Rajasthan, which pair of districts have lowest total forest cover (in sq. km.) ?
(1) Churu and Ganganagar
(2) Churu and Hanumangarh
(3) Hanumangarh and Jodhpur
(4) Churu and Jodhpur
(5) Question not attempted

55. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

(A) ऋषभदेव (B) सेन्द्रा

(C) खैरवाड़ा (D) डाबला–सिंघाना

उपर्युक्त में से कितने एस्बेस्टॉस की खानों से संबंधित हैं ?

(1) केवल तीन (2) सभी चार

(3) केवल एक (4) केवल दो

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान में लिंगानुपात के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा समूह सुमेलित है ?

| | *ग्रामीण* | *नगरीय* | *कुल* |
|---|---|---|---|
| (1) | 933 | 912 | 926 |
| (2) | 931 | 912 | 926 |
| (3) | 931 | 916 | 928 |
| (4) | 933 | 914 | 928 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. भारत शासन अधिनियम, 1919 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(1) 'हस्तांतरित विषयों' का संचालन गवर्नर और उसकी कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाना था ।

(2) प्रांतीय विधान परिषद को अपना बजट बनाने और करारोपण की शक्ति प्रदान की गई ।

(3) उस समय लॉर्ड चेम्सफोर्ड भारत के गवर्नर जनरल थे ।

(4) प्रांतीय विधान परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अनुपात को बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. Consider the following :

(A) Rishabhdev

(B) Sendra

(C) Khairwara

(D) Dabla Singhana

How many of the above are related with Asbestos mines ?

(1) Only three (2) All four

(3) Only one (4) Only two

(5) Question not attempted

56. As per Census-2011, which among the following group is correctly matched about sex-ratio in Rajasthan ?

| | *Rural* | *Urban* | *Total* |
|---|---|---|---|
| (1) | 933 | 912 | 926 |
| (2) | 931 | 912 | 926 |
| (3) | 931 | 916 | 928 |
| (4) | 933 | 914 | 928 |

(5) Question not attempted

57. Which one of the following statement about the Government of India Act, 1919 is incorrect ?

(1) 'Transferred subjects' were to be administered by the Governor and his Executive Council.

(2) Provincial Legislative Council was empowered to present its own budget and levy its own taxes.

(3) Lord Chelmsford was the Governor General of India at that time.

(4) The proportion of elected members in the Provincial Legislative Councils was raised to 70 percent.

(5) Question not attempted

O

58. निम्न में से कौन सा राज्य का नीति निदेशक तत्त्व (DPSPs) भारत के संविधान में इसके प्रावधान के साथ सही ढंग से मेल खाता है ?

(1) अनुच्छेद 47 – उद्यमों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
(2) अनुच्छेद 48 – कृषि और पशुपालन का संगठन
(3) अनुच्छेद 43क – बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा
(4) अनुच्छेद 46 – सम्पूर्ण भारत में समान नागरिक संहिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. निम्न कथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़िये तथा सही विकल्प का चयन कीजिये :

कथन (A) : भारतीय संघ की घटक इकाइयों को संघ से पृथक होने की स्वतंत्रता नहीं है ।

कारण (R): भारतीय संघ उसकी इकाइयों के द्वारा एक समझौते का परिणाम नहीं है ।

(1) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(2) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(3) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(4) (A) और (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्नलिखित में से कौन सी राजनीतिक पार्टियाँ आपातकाल के बाद, 1977 के चुनावों में संयुक्त विपक्षी गठबंधन में शामिल नहीं थीं ?

(1) बीएलडी एवं पीएसपी
(2) डीएमके एवं सीपीआई
(3) सीपीआई एवं सीपीआई (एम)
(4) डीएमके एवं सीपीआई (एम)
